

# ओडिशा





# कामाख्यानगर अनुमंडल में कृषि मशीनरी मेले का हुआ उद्घाटन

**मेले में लगाए गए हैं 35 स्टॉल**

**➡ 450 किसानों को कृषि कार्यशालाओं के माध्यम से दिया जाता है कृषि प्रशिक्षण**



**ढेंकानाल, (संवाद सूत्र) :** ढेंकानाल जिले के कामाख्यानगर शहर के सारंगधर स्टेडियम में तीन दिवसीय अनुमंडलस्तरीय कृषि और मशीनरी मेले का उद्घाटन किया गया। इस समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कामाख्यानगर ब्लॉक अध्यक्ष प्रेमानंद साहू उपस्थित थे। उन्होंने मेले का उदघाटन किया। इस अवसर पर जिला कृषि अधिकारी सुबोध कुमार पाढ़ी, कामाख्यानगर के सहायक जिलाधिकारी दीपक कुमार मिश्र, कामाख्यागनर अनुमंडल मुख्य कृषि अधिकारी बिंबाधर साहू आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे। तीन दिनों तक चलने वाले इस मेले में 35 स्टॉल लगाये गये हैं और विभिन्न कृषि मशीनरी और कृषि उपकरणों के प्रदर्शन के लिए 28 स्टॉल लगाये गए हैं, अन्य 7 स्टॉलों में मत्स्य विभाग, भूमि संरक्षण विभाग, उद्यान विभाग और कृषि विभाग के विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी गई है। इस मेले में किसानों को सरकारी सब्सिडी के माध्यम से कृषि उपकरण खरीदने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है, जबकि लगभग 450 किसानों को कृषि कार्यशालाओं के माध्यम से कृषि प्रशिक्षण दिया जाता है। इस अवसर पर कामाख्यानगर अनुमंडल के सफल किसानों को सम्म्मानित किया गया, जबकि परजंग, कंकडाहाड़, भुवन और कामाख्यागनर ब्लॉक के कृषि अधिकारियों और कर्मचारियों ने सहयोग किया।

# नौकरी पाने के लिए शिक्षिका ने फर्जी प्रमाणपत्र का किया इस्तेमाल

**आरोपी शिक्षिका जांच के घेरे में**

**मयूरभंज, (संवाद सूत्र) :** जिले के कपटीपाड़ा ब्लॉक के माझीगाडिया अपग्रेडेड हाईस्कूल में एक सरकारी स्कूल की शिक्षिका कथित तौर पर सरकार को गुमराह करके शिक्षक पद प्राप्त करने में सफल रही। वह अब जांच के घेरे में है। मिली जानकारी के अनुसार सिंधुसुता नायक नामक शिक्षिका ने कथित तौर पर 2009 में विज्ञान स्नातक (बीएससी) की डिग्री और 2013 में शिक्षा स्नातक (बीएड) की डिग्री पूरी की है, जैसा कि सूचना के अधिकार (आरटीआई) अधिनियम के तहत किए गए अनुरोध से पुष्टि हुई है। हालांकि, यह जानकारी मिली है कि 2008 से 2012 के बीच सिंधुसुता ने कटक में एससीबी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में स्टाफ नर्स के रूप में कार्यरत थी और इस अवधि के दौरान उन्हें पूरा वेतन मिलता था। इससे सरकारी क्षेत्र में पूर्णकालिक नौकरी करते हुए उनके पूर्णकालिक पाठ्यक्रमों के बारे में संदेह पैदा हो गया है। आरोपों ने सरकारी अभिलेखों में विसंगतियों के बारे में चिंताएं पैदा कर दी हैं और सरकारी पदों के लिए शैक्षिक प्रमाण-पत्रों के सत्यापन में निरीक्षण पर सवाल उठाए हैं। जब शिक्षिका सिंधुसुता से उनकी टिप्पणी मांगी गई, तो उन्होंने माझीगड़िया अपग्रेडेड हाईस्कूल की प्रधान शिक्षिका के साथ कैमरे पर कोई भी बयान देने से इनकार कर दिया और पूछताछ किए जाने पर अपनी नाराजगी व्यक्त की। शिक्षिका सिंधुसुता नायक ने दावा किया कि मेरे सभी दस्तावेज सत्यापन के लिए डीईओ कार्यालय में हैं। डीईओ भी इस बारे में अच्छी तरह से जानते हैं। सभी दस्तावेजों का सत्यापन भी किया गया है। दूसरी ओर, स्कूल के प्रिंसिपल सिरीश चंद्र कर ने इस संबंध में कोई भी टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) ने आश्वासन दिया कि सच्चाई को उजागर करने के लिए गहन जांच की जाएगी, उन्होंने कहा कि हम यह सुनिश्चित करेंगे कि निष्कर्षों के आधार पर उचित उपाय किए जाएं। डीईओ पूर्णचंद्र सेठी ने कहा कि अगर वह संविदा पर नौकरी कर रही थी और साथ ही उसने अपनी शिक्षा पूरी की है, तो चिंता की कोई बात नहीं है। अगर कोई और शिकायत है, तो हम जांच कर मामले के तह तक पहुंचेगे।

# मालकानगिरी में शीर्ष महिला माओवादी नेता गिरफ्तार



**मालकानगिरी, (संवाद सूत्र) :** मालकानगिरी में शुक्रवार को पुलिस ने एक शीर्ष माओवादी नेता को गिरफ्तार किया है। मालकानगिरी पुलिस ने महिला माओवादी ए माधवी को गिरफ्तार किया है। रिपोर्ट के अनुसार वह शीर्ष माओवादी नेता उदय की अंगरक्षक है। माधवी माओवादी संगठन की सक्रिय सदस्य है। वह 9 सशस्त्र बलों के झड़प की मास्टरमाइंड थी। गिरफ्तार माओ नेता पर 2 लाख रुपये का इनाम था। मालकानगिरी पुलिस ने मालकानगिरी जिले के जंगल से उसे गिरफ्तार किया है। गौरतलब है कि 2021 में मैथिली थाना क्षेत्र में हुई गोलीबारी की घटना में शामिल थी। वह इस झड़प में अहम भूमिका निभाई थी। वह आंध्र प्रदेश में दो और छत्तीसगढ़ में चार माओवादी हिंसा की मास्टरमाइंड थी। दक्षिण पश्चिमी जोन के डीआईजी नीति शेखर ने गिरफ्तारी की जानकारी दी है।

# एक दिसंबर से शुरू होगा मयूरभंज महोत्सव 2024



**बारीपदा, (संवाद सूत्र) :** मयूरभंज जिले की कला और संस्कृति की एक विशिष्ट पहचान है और उस कला और संस्कृति को विकसित करने का एक अभिनव प्रयास मयूरभंज महोत्सव है। इस बार यह महोत्सव अपने सातवें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। यह महोत्सव एक दिसंबर से शुरू होकर 11 दिसंबर तक चलेगा। यह जानकारी शुक्रवार को बारीपदा छउ मैदान महोत्सव आयोजन कमेटी के अध्यक्ष असित पति की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में दी गई। इस अवसर पर कई कलाकार शामिल होकर गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी पारंपरिक नृत्य गीतों के साथ कार्निवल शो या सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसी प्रकार प्रतिदिन शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। इस कार्यक्रम में सिनेमा जगत के कई नामचीन कलाकारों के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। इसी तरह, इस वर्ष मयूरभंज जिले की कला और संस्कृति को अन्य जिलों के साथ आदान-प्रदान करने की व्यवस्था की गई है। इस महोत्सव में हस्तशिल्प, कुटीर उद्योग, खिलौने, कपड़े और घरेलू सामान और मयूरभंज जिले के पारंपरिक भोजन सहित अन्य खाद्य पदार्थों का आनंद ले सकते हैं। इस फेस्टिवल के दौरान 200 से ज्यादा स्टॉल खोले जाएंगे। आयोजन कमेटी के अध्यक्ष कृष्णानंद मोहंती ने कहा कि हर शाम 5 बजे से रात 10 बजे तक रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

## ट्रेलर ने ट्रक में पीछे से मारी टक्कर, ट्रेलर चालक की मौत

**जोड़ा, (संवाद सूत्र) :** केंदुझर जिले के जोड़ा थाना अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 520 के बिलाईपदा में खड़े एक ट्रेलर को तेज गति से आ रहे ट्रक ने धक्का मार दिया। जिससे ट्रेलर चालक की मौत हो गई। मृतक की पहचान झारखंड राज्य के चतरा जिले के कैलाश कुमार सिंह के रूप में की गई है। मिली जानकारी के मुताबिक, शुक्रवार की सुबह जब बिलेईपदा शिव मंदिर के पास एक दस चक्का ट्रक सड़क पर खड़ा था, तभी तेज गति से एक ट्रेलर आया और ट्रक को पीछे से धक्का मार दिया। जिससे ट्रेलर चालक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को बरामद कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# जिला प्रमुख अस्पताल की समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन



**बालेश्वर,(संवाद सूत्र) :** प्रगति मंच की प्रतिनिधि टीम ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर जिलाधिकारी सूर्यवंशी मयूर विकास को ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन जिला प्रमुख अस्पताल की समस्याओं को लेकर दिया गया। ज्ञापन में जिला मुख्य अस्पताल के आपातकालीन विभाग के मरीजों को वार्डों तक ले जाने के लिए खराब बैटरी चालित वाहनों को ठीक कराने, स्ट्रेचर के अभाव को दूर करने, अस्पताल के लिफ्ट को ठीक कराने सहित अस्पताल की मूलभूत समस्याओं को दूर करने की मांग की है। गौरतलब है कि अस्पताल में भूलभूत सुविधाओं की कमी के कारण मरीज एवं उनके परिजनों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

# दो महसीर मछली प्रजातियों को किया गया विकसित

**➡ ओडिशा केंद्रीय विश्वविद्यालय ने गढ़ी सफलता की कहानी**



**कोरापुट, (संवाद सूत्र) :** एक महत्वपूर्ण जैव विविधता मूल्यांकन अध्ययन में कोरापुट के ओडिशा केंद्रीय विश्वविद्यालय के जैव विविधता और प्राकृतिक संसाधन संरक्षण स्कूल (एसबीसीएनआर) के डीन प्रोफेसर शरत कुमार पलिता के नेतृत्व में शोधकर्ताओं ने पहली बार दक्षिणी ओडिशा की इंद्रावती नदी से दो महसीर मछली प्रजातियों को विकसित किया है। ये दो नई महसीर मछली की प्रजातियां साइप्रिनिडे परिवार से संबंधित हैं। इन्हें अक्सर भारतीय जलीय प्रणाली का राजा कहा जाता है और दुनिया की 20 मेगा मछलियों में शामिल हैं। यह तेज बहने वाली ठंडी, साफ, पहाड़ी नदी के पानी में कंकड़, पथरीले और चट्टानी तल और चट्टानी तालाबों में रहती है। यह एक पवित्र मछली है और भारत में कई हिंदू मंदिरों में इसकी पूजा की जाती है। यह दक्षिण ओडिशा की प्रमुख नदियां जैसे कोलाब, इंद्रावती और मचकुंड, गोदावरी नदी में पाया जाता है। प्रोफेसर पलिता ने ओडिशा केंद्रीय विश्वविद्यालय में शामिल होने के बाद छह साल पहले महसीर पर शोध शुरू किया और यह काम विद्वान आलोक कुमार नायक को सौंपा गया। स्थानीय रूप से इन मछलियों को 'कैंसरी' कहा जाता है, खातीगुडा क्षेत्र नवरंगुपुर में 'खैसर', जबकि क्षेत्र के बेगाली लोग इसे 'महासोल' कहते हैं। 'महा-सिर' से महासीर शब्द जिसका अर्थ बड़ा सिर है। 'महासोल' शब्द का अर्थ तराजू है, जो अधिक स्वीकार्य है।

# खान और इस्पात के कैबिनेट मंत्री ने देखी 'द साबरमती रिपोर्ट'



**ब्रह्मपुर,(संवाद सूत्र) :** ओडिशा सरकार के वाणिज्य और परिवहन तथा खान और इस्पात के कैबिनेट मंत्री विभूति भूषण जेना ने 2002 में गुजरात के गोधरा में हुई सच्ची घटनाओं पर आधारित फिल्म द साबरमती रिपोर्ट ब्रह्मपुर रुक्मिणी सिनेमा हॉल में प्रदर्शित की जा रही है। उनके साथ प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कान्हू चरण पति, सरोज साबत, घुमुसर सांगठनिक जिला अध्यक्ष विजय कुमार स्वाईं, वरिष्ठ नेता सुरेश पाढ़ी, असिका, ब्रह्मपुर और कंधमाल के तीन लोकसभा क्षेत्रों के प्रभारी सुनील कुमार साहू, प्रदेश युवा मोर्चा सचिव तुतुन पात्र सहित कई पार्टी कार्यकर्ता और कई अन्य पत्रकार मौजूद थे।

# पाटपुर थाना देश के दूसरे सर्वश्रेष्ठ पुलिस स्टेशन के रूप में सम्मानित



**भुवनेश्वर, (निप्र) :** अखिल भारतीय पुलिस महानिदेशक/महानिरीक्षक सम्मेलन-2024 शुक्रवार से भुवनेश्वर के लोकसेवा भवन कन्वेंशन सेंटर में शुरू हुआ। इस सम्मेलन में भारत के केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने ओडिशा के गंजाम जिले के पाटपुर पुलिस स्टेशन को देश के दूसरे सर्वश्रेष्ठ पुलिस स्टेशन के रूप में सम्मानित किया। सम्मेलन में राज्य आरक्षी महानिदेशक योगेश बहादुर खुरानिया ने कहा कि यह सम्मान ओडिशा पुलिस के लिए बहुत गर्व और सम्मान का क्षण है। डीजीपी खुरानिया के मार्गदर्शन में पुलिस स्टेशन के निर्माण और बुनियादी ढांचे में सुधार का कार्य किया गया। इस मौके पर डीजीपी खुरानिया ने गंजाम एसपी शुभेंदु कुमार पात्र समेत राज्य और जिला पुलिस के अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई दी। पाटपुर थाना आईआईसी सव्यसाची मल को केंद्रीय गृहमंत्री से प्रमाणपत्र के साथ यह प्रतिष्ठित पुरस्कार मिला।

# स्मार्ट स्टिक साइंस प्रोजेक्ट राष्ट्रीय स्तर पर चयनित

**केंदुझर, (संवाद सूत्र) :** केंदुझर शहर के निकट सरकारी उच्च प्राथमिक विद्यालय गोविंदपुर की कक्षा 7 की छात्रा सुकतारा शेख की विज्ञान परियोजना स्मार्ट स्टिक को राष्ट्रीय स्तर के लिए चुना गया है। वह हरियाणा के इंद्रधनुष ऑडिटोरियम में राष्ट्रीय बाल विज्ञान प्रदर्शनी 2024 में अपने प्रोजेक्ट का प्रदर्शन करेगी। इस मामले में स्कूल की प्रिंसिपल तिलोत्तमा साहू ने बताया कि प्रदर्शनी 16 से 21 दिसंबर तक चलेगी। विद्यालय के विज्ञान शिक्षक विजय कुमार मिश्र के मार्गदर्शन में इस विज्ञान प्रोजेक्ट को तैयार किया गया है। गौरतलब है कि इससे पहले इस प्रोजेक्ट को ब्लॉक, जिला, राज्य तथा ईस्ट इंडिया साइंस फेयर कोलकाता में आयोजित कार्यक्रमों में पुरस्कारों के साथ इसकी काफी सराहना मिल चुकी है। जिला शिक्षा पदाधिकारी गौरी रानी नायक, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी क्षेत्रमोहन हांसदा ने सुकतारा की इस सफलता से जिले का नाम रोशन होने पर संतोष जताया है और भविष्य में और बेहतर करने की कामना की है। इस सफलता पर शिक्षा विभाग के विभिन्न पदाधिकारी, विद्यालय प्रबंधन समिति के सभी सदस्य, सभी शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त किया है।

# केंदुझर आकाशवाणी केंद्र का 37वां स्थापना दिवस मना




**केंदुझर, (संवाद सूत्र) :** केंदुझर आकाशवाणी केंद्र का 37वां स्थापना दिवस शुक्रवार को आकाशवाणी परिसर में मनाया गया। इस अवसर पर आकाशवाणी के सहायक निदेशक स्वदेश्वर झा, अनिता तिर्की, आकाशवाणी के पूर्व सहायक निदेशक जयराम मुंडा, वरिष्ठ व्याख्याता सुपाई मुर्मू, जिला परिषद सदस्य रथ मुंडा, व्याख्याता अमेय कुमार सामंतराय समेत कई लोग उपस्थित थे। इस अवसर पर अतिथियों ने कहा आकाशवाणी केंदुझर जिले की लोक संस्कृति, लोक कला, लोक संगीत, लोक नृत्य और लोककथाओं से संबंधित विभिन्न कार्यक्रम पेश कर रहा है, जबकि ये कार्यक्रम न केवल मनोरंजक बल्कि शिक्षाप्रद भी बन गए हैं। इस अवसर पर कई सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

## पंचायत प्रतिनिधियों ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**छत्रपुर,(संवाद सूत्र):** पोलसरा के बीडीओ पंचायत समिति के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, जिलापरिषद के सदस्य, सरपंच, समिति सदस्यों ने अनदेखी करने के साथ ही साथ ओडिशा सरकार की विभिन्न विकास मूलक कार्यों में असहयोग करते आ रहे हैं। इसके साथ ही पंचायतराज के नियम को उल्लंघन कर अपनी मनमानी कर रहे है। पोलसरा पंचायत समिति के सदस्य आम जनता द्वारा चुने गये है। लेकिन बीडीओ जन प्रतिनिधियों के कार्यों को उपेक्षित कर अपनी मनमानी कर रहे है। इस मामले को लेकर पंचायत प्रतिनिधियों ने गंजाम जिलाधिकारी से शिकायत करते हुए ज्ञापन सौंपा तथा बीडीओ के मनमानी पर रोक लगाने को कहा।

## वनकर्मियों ने जंगली सूअर के मांस के साथ दो को किया गिरफ्तार



**अनगुल, (संवाद सूत्र) :** रेंज अधिकारी के नेतृत्व में खिंदा सेक्शन टीम ने कंटामेघा-1 बीट के भीतर स्थित बंदनपासी, धीपमाला साही में छापेमारी अभियान चलाया गया। छापेमारी अभियान के दौरान वनकर्मियों की टीम ने जंगली सूअर के मांस (लगभग 40 किलोग्राम) के साथ-साथ लगभग 2 किलोग्राम जी.आई. बाइंडिंग वायर, 40 सूखी लकड़ी की डंडे और 40 कांच की बोतलों के साथ मांस जब्त किया गया। इसके साथ ही बंदनपासी, धीपमाला साही से धर्म साहू और कपिला साहू को गिरफ्तार किया गया। छापेमारी अभियान में नीलाद्रिनाथ साहू, रेंज अधिकारी, श्रीनिवास साहू, वनपाल, सीटू बेहरा, वन रक्षक, लिपक बेहरा, वन रक्षक, दीपक मोहंती, वन रक्षक, जोगेश स्वाई, हाथी दस्ता और सुमंत साहू शामिल थे।

# वनकर्मियों ने बाघ के खाल के साथ देसी बंदूक की जब्त

**वन विभाग ने दो आरोपियों को हिरासत में लिया**



**बालीगुड़ा, (संवाद सूत्र) :** कंधमाल जिले के बालीगुड़ा अनुमंडल के जी उदयगिरी वन विभाग ने बाघ की खाल और देसी बंदूकें जब्त की हैं, लेकिन वन विभाग ने इस बारे में अपना मुंह नहीं खोला है। घटना के अनुसार, वन अधिकारियों को जी उदयगिरि वन विभाग के अंतर्गत कलिंगा खंड में बाघ के अवैध शिकार के बारे में विश्वसनीय स्त्रोतों से जानकारी मिली थी। बताया गया है कि वन विभाग द्वारा अन्य लोगों को गिरफ्तार करने की तैयारी की जा रही है, जबकि इसमें शामिल लोगों की तलाश जारी है। इस मामले में वन विभाग के अधिकारी खुलकर बातें नहीं कर रहे हैं तथा इस मामले में कोई जवाब देने को तैयार नहीं है। जी उदयगिरी वन विभाग कार्यालय के मुख्य द्वार पर ताला लगा दिया गया है और किसी को भी अंदर जाने की अनुमति नहीं है। स्थानीय मीडिया प्रतिनिधि द्वारा जानकारी इकट्ठा करने के लिए वन विभाग कार्यालय गये और मुख्य द्वार के बाहर काफी देर तक इंतजार करने के बाद लौट आए। इस संबंध में जी उदयगिरि वन विभाग की एसीएफ काजल नायक से फोन पर बात की गई तो उन्होंने कहा कि मामले की जांच जारी है। डीएफओ ने कहा वह पूरे मामले से अवगत होने के बाद सारी जानकारी देंगे। वहीं जब उन्होंने डीएफओ प्रशांत पटेल से घटना के बारे में पूछा तो उन्होंने कहा कि जांच चल रही है। अब कुछ नहीं कहा जाएगा जांच में बाधा आएगी। इसलिए जांच पूरी होने के बाद सारी जानकारी मुहैया कराई जाएगी।

# जिंदल पैंथर सीमेंट ने ओडिशा बाजार में किया प्रवेश




**भुवनेश्वर/पुरी, (निप्र) :** नवाचार और गुणवत्ता के लिए मशहूर जिंदल पैंथर सीमेंट ने पुरी में एक शानदार लॉन्च इवेंट के साथ सीमेंट उद्योग में अपनी शुरुआत की। यह मील का पत्थर अनगुल सीमेंट प्लांट के परिचालन की शुरुआत का जश्न मनाता है, जो पूर्वी भारत में निर्माण को फिर से परिभाषित करने के लिए डिजाइन की गई एक अत्याधुनिक सुविधा है। अनगुल प्लांट 1.5 एमटीपीए की प्रभावशाली उत्पादन क्षमता के साथ शुरू होता है, जिसे 2026 तक 3 एमटीपीए तक बढ़ाया जा सकता है, जो मौजूदा 1 एमटीपीए रायगढ़ प्लांट की संयुक्त क्षमता 2.5 एमटीपीए के लिए पूरक है। उन्नत तकनीक और पर्यावरण के प्रति जागरूक प्रणालियों से लैस यह प्लांट जिंदल पैंथर सीमेंट की टिकाऊ और ऊर्जा-कुशल समाधानों के प्रति प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। इस कार्यक्रम में, ब्रांड ने तीन प्रीमियम सीमेंट वेरिएंट का अनावरण किया।

# बीजू श्रमिक संगठन का जिलास्तरीय आशाकर्मी सम्मेलन

**कटक, (संवाद सूत्र) :** कटक जिला में बीजू श्रमिक संगठन की ओर से शुक्रवार को आशाकर्मी की जिलास्तरीय सम्मेलन किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता नणयुक्ता दास ने की। सम्मेलन में पूरे जिले से 500 आशाकर्मी शामिल हुए। सम्मेलन का आधिकारिक उद्घाटन बीजू श्रमिक संगठन के महासचिव और कटक के मेयर सुभाष सिंह ने किया। सिंह ने कहा कि कोरोना काल में आशाकर्मी की योगदान की आज भी समाज में व्यापक सराहना हो रही है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि मुख्यमंत्री उनके कार्य एवं सुरक्षा के संबंध में समय पर कदम उठाएंगे। उनकी मांगों के संबंध में सिंह ने कहा कि आशाकर्मी को चरणबद्ध तरीके से सरकारी क्षेत्र में लाने के लिए ब्लड प्रेशर मशीन, ऑक्सीजन प्रबंधन और एएनएम प्रशिक्षण जैसे कौशल विकास, मासिक भत्ता, सेवानिवृत्ति सहायता, प्रोत्साहन राशि दोगुनी करना आदि के बारे में संघ सरकार के साथ चर्चा करेगी। जिलास्तरीय आशाकर्मी सम्मेलन में राज्य महिला नेत्री ममता दास ने कहा कि सरकार को सभी मांगों से अवगत कराया जाएगा। इस सम्मेलन में योगेन्द्र साईं, राजीव मोहंती, ममता दास, रीता साहू, निरंजन पात्र, प्रदीप नायक, आरती मोहंती एवं सभी प्रखंड संयोजक, जिला अध्यक्ष, सचिव एवं कार्यकर्ताओं ने अपने विचार रखे।

**MCL** महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड
(कोल इंडिया लिमिटेड की एक अनुषंगी कंपनी)
जागृति विहार, बुर्ला- 768020, जिला-सम्बलपुर (ओड़िशा)
दूरभाष (ईपीएबीएक्स): 0663-2542461 से 469 वेबसाइट: www.mahanadicoal.in

**सूचना**

"सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं के खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कम्पनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट **www.coalindia.in**/सम्बंधित अनुषंगी कम्पनी (**एमसीएल, www.mahanadicoal.in**), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल **https://coalindiatenders.nic.in** एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल **https://eprocure.gov.in** पर उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त, जीईएम पोर्टल **https://gem.gov.in** के माध्यम से भी खरीद की जाती है।"
**R-5230**